"एक अकेला पहिया" नवगीत-संग्रह पुरस्कृत''

बरेली। संस्कारधानी, जबलपुर (म.प्र.) की अंतरराष्ट्रीय स्तर पर क्रियाशील साहित्यिक, सांस्कृतिक एवं सामाजिक संस्था 'कादम्बरी' द्वारा द्विभाषी साहित्यकार व संपादक डॉ. अवनीश सिंह चौहान को उनके नवगीत संग्रह— "एक अकेला पहिया" (प्रकाश बुक डिपो, बरेली, 2024) के लिए 'राधिका प्रसाद पाठक सम्मान' से सम्मानित करने का निर्णय लिया गया है।

बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली के मानविकी एवं पत्रकारिता महाविद्यालय में आचार्य (अंग्रेजी) और प्राचार्य के पद पर कार्यरत कवि, आलोचक, अनुवादक डॉ. अवनीश सिंह चौहान (Dr Abnish Singh Chauhan) हिंदी भाषा एवं साहित्य की वेब पत्रिका— 'पूर्वाभास' और अंग्रेजी भाषा एवं साहित्य की अंतर्राष्ट्रीय शोध पत्रिका— 'क्रिएशन एण्ड क्रिटिसिज्म' के संपादक हैं। 'समकालीन नवगीत संचयन'', 'शब्दायन', 'गीत वसुधा', 'सहयात्री समय के', 'समकालीन गीत कोश', 'नयी सदी के गीत', 'गीत प्रसंग' 'नयी सदी के नये गीत', 'समकालीन नवगीत संचयन' (भाग 1), 'कालजयी प्रेमगीत' आदि समवेत संकलनों में आपके नवगीत और मेरी शाइन द्वारा सम्पादित अंग्रेजी कविता संग्रह— 'ए स्ट्रिंग ऑफ़ वर्ड्स' एवं डॉ चारुशील एवं डॉ. बिनोद मिश्रा द्वारा सम्पादित अंग्रेजी कविताओं का संकलन— 'एक्जाइल्ड अमंग नेटिव्स' में आपकी रचनाएं संकलित की जा चुकी हैं। पिछले बीस वर्ष से आपकी आधा दर्जन से अधिक अंग्रेजी पढ़ी-पढाई जा रही हैं। आपके नवगीत संग्रह— 'टुकड़ा कागज़ का' (2013, 2014, 2024) व 'एक अकेला पहिया' (2024) साहित्य समाज में बहुत सराहे गए हैं। 'नये-पुराने' पत्रिका (संपादक - दिनेश सिंह) के सहयोगी संपादक के रूप में साहित्यिक पत्रकारिता की शुरुआत करने वाले इस इस रचनाकार ने 'बुद्धिनाथ मिश्र की रचनाधर्मिता' एवं 'नवगीत वाङ्मय' का बेहतरीन संपादन किया है। 'नवगीत : संवादों के सारांश' (साक्षात्कार संग्रह) नवगीत के समर्पित शब्द-साधकों से हुए संवादों पर केंद्रित आपकी महत्वपूर्ण पुस्तक है। 'वंदे ब्रज वसुंधरा' सूक्ति को आत्मसात कर जीवन जीने वाले इस रचनाकार को 'अंतर्राष्ट्रीय कविता कोश सम्मान', मिशीगन- अमेरिका से 'बुक ऑफ़ द ईयर अवार्ड', राष्ट्रीय समाचार पत्र 'राजस्थान पत्रिका' का 'सृजनात्मक साहित्य पुरस्कार', अभिव्यक्ति विश्वम् (अभिव्यक्ति एवं अनुभूति वेब पत्रिकाएं) का 'नवांकुर पुरस्कार', उत्तर प्रदेश हिन्दी संस्थान- लखनऊ का 'हरिवंशराय बच्चन युवा गीतकार सम्मान' आदि से अलंकृत किया जा चुका है।

'कादम्बरी' संस्था द्वारा आयोजित किये जाने वाले इस साहित्यकार/ पत्रकार सम्मान समारोह हेतु पाँच सदस्यीय चयन समिति का गठन किया गया था। इस समिति द्वारा दी गयी संस्तुति के आधार पर चयनित पुस्तकों पर लगभग तीन लाख रुपये के नकद पुरस्कार शहीद स्मारक प्रेक्षागृह, जबलपुर में 9 नवम्बर 2024 को प्रदान किये जाएंगे। इस समारोह में डॉ. चौहान को अंग वस्त्र, प्रतीक चिह्न व सम्मानजनक धनराशि प्रदान कर सम्मानित किया जाएगा।


एक अकेला पहिया
नवगीत-संग्रह
अवनीश सिंह चौहान